हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

06 समृद्ध नारी और किसान हमारे देश की विकसित...



07 सफाई कर्मचारियों की हड़ताल टूटी, टाइमिंग पर...





## खबर संक्षेप

### परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तार यंत्रों पर रोक

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल आयोजित बोर्ड परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास सीमा से 200 मीटर के अंदर जुलूस, धरना, प्रदर्शन, आम सभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन सहित ध्वनि विस्तार यंत्रों पर धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया। उक्त आदेश दिनांक 10-02-2026 से दिनांक 10-04-2026 की मध्य रात्रि तक प्रभावशील रहेगा। कार्यालय कलेक्टर से जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं), हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा (12वीं) एवं हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा (12वीं) दिनांक 10-02-2026 से प्रारंभ होकर निरंतर 07-03-2026 तक एवं सीबीएसई हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं), हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा (12वीं) दिनांक 10-04-2026 तक जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में संचालित होगी।

### कलेक्टर ने किया अपर कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने अपर कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अपर कलेक्टर श्री अविनाश रावत से एसआईआर के कार्य की जानकारी ली एवं प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि जिले में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत सुनिश्चित किया जाए कि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के विसंगत न पैदा हो। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 8 फरवरी को

**सागर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), सागर शाखा द्वारा जिले के समस्त पत्रकार बंधुओं एवं उनके परिवारजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार, 8 फरवरी को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक गर्ल्स डिग्री कॉलेज परिसर, मुख्य बस स्टैंड के पास, सागर आयोजित किया जाएगा। शिविर में लाभ लेने हेतु प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे अपना एवं अपने परिवारजनों का आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लेकर अवश्य आएँ। आईएमए, सागर शाखा के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने सभी पत्रकार बंधुओं से इस स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### परीक्षा के दौरान तनाव कैसे दूर करें

**सागर।** मन को शांत रखने के लिए विश्राम तकनीकों का अभ्यास जैसे कि गहरी सांस लेना, ध्यान एवं योग का नियमित अभ्यास करना। शारीरिक गतिविधि के लिए समय निकालें, भले ही यह सिर्फ कुछ मिनटों की स्ट्रेचिंग हो या कुछ देर तेज चलना ही क्यों न हो। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को देखते हुए परीक्षा से पहले व इसके दौरान उचित नींद लेना सुनिश्चित करें। अध्ययन के दौरान खुद को स्फूर्तिवान बनाने के लिए बीच-बीच में अल्प समय के लिए विराम लेना महत्वपूर्ण होता है। अल्प विराम के दौरान सकारात्मक व मनपसंद कार्य कर सकते हैं। परीक्षा से पूर्व या इसके दौरान अकेला व असहाय महसूस करने पर अपने परिजनों, मित्रों या वरिष्ठों से जरूर समस्या साझा करें। कुछ गंभीर अवसादकारक मामलों में पेशेवर मनोवैज्ञानिकों की सहायता भी ली जा सकती है। परीक्षा समाप्त होने पर सहपाठियों से तुरंत प्रश्नों पर चर्चा करने से बचें। कुछ उत्तर भिन्न मिल सकते हैं। ऐसे में पछतावा करना ठीक नहीं।

**मैनपानी आवास की भूमि राजस्व से नगर निगम को करें हस्तांतरित**

# एसीएस ने विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश 15 अप्रैल तक कनेरादेव आवासों में कराएं 'गृह प्रवेश'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (नगरीय विकास एवं आवास) संजय दुबे ने सागर प्रवास के दौरान शहर में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की सघन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर लक्ष्य पूरे करने के कड़े निर्देश दिए।



### आवास परियोजनाओं पर विशेष ध्यानः मैनपानी और कनेरादेव

एसीएस दुबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए दो प्रमुख निर्णय लिए, भूमि हस्तांतरण- मैनपानी आवास परियोजना की राह में आ रही प्रशासनिक अड़चनों को दूर करते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि राजस्व विभाग की भूमि को तत्काल नगर निगम के नाम हस्तांतरित किया जाए। इससे परियोजना के विस्तार और बुनियादी ढांचा तैयार करने में गति आएगी। दूसरा डेडलाइन तय-कनेरादेव आवास परियोजना के हितग्राहियों के लिए बड़ी खुशखबरी देते हुए उन्होंने अधिकारियों को 15 अप्रैल तक हर हाल में गृह प्रवेश कराने का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि फिनिशिंग कार्य युद्धस्तर पर पूरे किए जाएं ताकि गरीब परिवारों को समय पर अपना घर मिल सके।

### सीवरेज सिस्टमः 60 हजार घरों को जोड़ने का लक्ष्य

शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को लेकर ए सी एस ने लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कम्पनी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के तहत निर्धारित सभी 60, 000 सीवरेज कनेक्शन अनिवार्य रूप से प्रदान किए जाने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा है कि सड़कों की खुदाई के बाद उनका रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि जनता को आवागमन में परेशानी न हो। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यक्षमता का भी परीक्षण नियमित रूप से हो।

### सागर स्मार्ट सिटी के कार्यों की सराहना

एसीएस संजय दुबे ने अपने सागर प्रवास के दौरान स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों और अमृत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सागर शहर में स्मार्ट सिटी के कार्य दिखते हैं, जिससे शहर और सुंदर एवं व्यवस्थित हो गया है।

### स्वच्छ सर्वेक्षणः रैंकिंग सुधारने पर जोर

आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर श्री दुबे ने नगर निगम की टीम को 'एक्शन मोड' में रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल सफाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कचरे का सही प्रबंधन और सौंदर्यीकरण भी आवश्यक है। उन्होंने वार्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाने और नागरिकों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए।समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन, सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना, स्वनिधि, शहरी सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत जीआईएस, एमपीएचएस प्रोजेक्ट, ई-नगर पालिका जैसे विभिन्न विषयों की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और उत्तरदायी अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुए, तो सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्मार्ट सिटी के कार्यों और अमृत योजना की भी समीक्षा की। बैठक में अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी आर, नगर निगम आयुक्त श राजकुमार खत्री, मेघ तिवारी, सचिन मसीह, अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



## नपा अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने शिविर लगाकर सुनी नागरिकों की समस्याएं

**देवरीकलां।** देवरी नगरपालिका की अध्यक्षा नेहा अलकेश जैन ने देवरी नगर के विभिन्न वार्डो नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं उन्हे शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिए वार्ड स्तर पर जन समस्या निवारणों का आयोजन आरंभ कर दिया है। बुधवार को बाजार वार्ड में आयोजित शिविर में वार्डवासियों द्वारा 50 से अधिक शिकायते दर्ज कराई गई। बुधवार को नगर के बाजार वार्ड स्थित ठाठिया मंदिर परिसर में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने वार्ड प्रभारी एवं अमले के साथ नागरिकों की समस्याये सुनी एवं उनके निराकरण हेतु संबंधित शाखाओं को निर्देशित किया है। दोपहर से आरंभ होकर शाम तक चले इस शिविर में बाजार वार्डवासियों द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, जिन्हे निर्धारित फार्मेट में जानकारी एकत्र कर संबंधित शाखाओं को भेजा गया है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास संबंधी 15 शिकायते, राशन पर्ची से संबंधित 6 मांग पत्र, समग्र आईडी में नाम जुड़वाने संबंधी 05 शिकायते, सार्वजनिक स्टेड पोस्ट लगवाने हेतु एक मांग पंत्र,पेंशन संबंधी 10 शिकायते, सड़क एवं नाली निर्माण कार्य संबंधी 5 मांग पत्र एवं वार्ड में सफाई संबंधी 03 शिकायते प्राप्त हुई है। जिनके निराकरण हेतु संबंधित शाखाओं को निर्देशित किया गया है। शिविर में वार्डवासियों को लाड़ली बहनों के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के नये फार्म जमा किये जाने एवं शासन की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड के प्रबुद्ध नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। राइट टू रिकॉल चुनाव में नगरवासियों द्वारा पद पर वापिस बुलाये जाने संबंधी जनादेश प्राप्त करने के बाद विश्वास और उत्साह से भरी नगरपालिका अध्यक्ष नेहा जैन द्वारा देवरी द्वारा देवरी नगर में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं निर्माण कार्यो की नियमित रूप से सतत निगरानी आरंभ की गई है। वह रोजना नगर के विभिन्न वार्डो में उपस्थित होकर नगरपालिका के नियमित कार्यो के साथ नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं मांगो की जानकारी ले रही है।



## पुस्तकों से मित्रता करें, सफलता का यही सच्चा मार्ग हैः अभिषेक भार्गव

**गढाकोटा।** सागर जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा के नटराज ऑडिटोरियम में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन की योजनांतर्गत पात्र अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक भार्गव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिक कुमार शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी और दिनेश लहरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ.घनश्याम भारती ने की। आभार रजनी चौदहा द्वारा व्यक्त किया गया।इसके पश्चात प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती ने अपने स्वागत भाषण में शिक्षा के महत्व, सरकारी योजनाओं के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा का महत्व समझाया,बल्कि उन्हें जीवन में उत्कृष्टता अर्जित करने हेतु प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि "पुस्तकें मनुष्य की सबसे सच्ची मित्र होती हैं", क्योंकि वे बिना किसी स्वार्थ के ज्ञान, प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन और पुस्तक पढ़ने की आदत से व्यक्तित्व का विकास होता है तथा निर्णय क्षमता मजबूत बनती है। आधुनिक समय में डिस्ट्रक्शन की अधिकता का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकों से मित्रता करने और लक्ष्य-केंद्रित जीवन अपनाने की सलाह दी। अपने उद्बोधन में उन्होंने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से माता-पिता तथा गुरुजनों के सम्मान का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता अनुशासन, समय प्रबंधन, निरंतर अध्ययन और सकारात्मक सोच ही सफलता का वास्तविक पथ है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने विद्यार्थियों से अनुशासित जीवन, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और सतत प्रयास करने की प्रेरणा दी।

## नर्स दीपशिखा हत्याकांडः मौसेरा भाई निकला हत्यारा, एक तरफा प्रेम ने ली जान

### जबलपुर से सागर आया था मौसेरा भाईः परिजनों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागरे सागर जिले के बहुचर्चित नर्स दीपशिखा हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर लिया है। शाहगढ़ में बुधवार रात दिल दहला देने वाली वारदात में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक नर्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम देने वाला कोई बाहरी नहीं,बल्कि मृतका का ही मौसेरा भाई निकला। आरोपी एकतरफा प्रेम में नर्स पर शादी का दबाव बना रहा था और इसी जुनून में उसने हत्या जैसी जघन्य वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार,मृतका दीप शिखा चढ़ार 26 वर्षीय निवासी पाटन,जबलपुर, पिछले करीब चार वर्षों से शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स के पद पर पदस्थ थी। वह अस्पताल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर किराए के मकान में रहती थी। बुधवार को उसकी नाइट ड्यूटी रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक थी। ड्यूटी के लिए पैदल जाते समय जैसे ही वह अस्पताल के मुख्य गेट के पास पहुंची।तभी आरोपी ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी की पहचान सुशील आठ्या निवासी



पनागर,जबलपुर के रूप में हुई है।

### मौसेरा भाई निकला आरोपी

पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतका का मौसेरा भाई सुशील बेरोजगार था और दीप शिखा से शादी करना चाहता था। दोनों के बीच पहले बात भी हुआ करती थी। नर्स द्वारा शादी से इनकार करने के बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोपी लंबे समय से उसे परेशान कर रहा था। कुछ समय पहले नर्स ने पाटन थाने में इसकी शिकायत भी की थी, जहां समझाइश के बाद दोनों पक्षों में समझौता कराया गया था।

### जबलपुर से सागर आया और की रेकी

शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के इरादे से एक दिन पहले ही शाहगढ़ पहुंच गया था। उसने पूरे दिन नर्स की दिनचर्या,आने-जाने का समय और रास्ते की रेकी की। बुधवार शाम वह पहले से ही अस्पताल के पास मौजूद था। जैसे ही नर्स दीपशिखा वहां पहुंची,उसने हाथ पकड़कर धक्का दिया और बंदूक से तीन राउंड फायर किए एक बार निशाना चूक गया लेकिन दो गोली नर्स की पीठ में लगी जहां अत्यधिक रक्त बहने से नर्स की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गया। सूचना मिलते ही शाहगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

एडिशनल एसपी डॉ. संजीव उईके ने बताया कि हत्याकांड को अंजाम देने वाला नर्स का मौसेरा भाई जो पनागर, जबलपुर से वारदात को अंजाम देने सागर जिले के शाहगढ पहुँचा था।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। एक टीम जबलपुर भेजी गई है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

### परिजनों ने किया चक्काजाम

घटना के बाद नर्स के परिजन जबलपुर से शाहगढ़ पहुंचे। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिसके गुस्साए परिजनों ने सागर–कानपुर हाईवे पर चक्काजाम कर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त कराया गया।




## वित्तीय साक्षरता आज के युवाओं के लिए एक अनिवार्य कौशल हैः डॉ सरोज गुप्ता

**सागर।** पं दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में रीजनल इन्वेस्टर सेमिनार फॉर अवेयरनेस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ( एन एस ई) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) मुंबई, के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और स्टाफ को पूंजी बाजार, निवेश के अवसरों तथा वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना रहा। सेमिनार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के डिप्टी मैनेजर नितिन त्रिपाठी ने कहा कि वित्तीय साक्षरता आपको पूंजी बाजार के जोखिमों से बचाता है यदि आपको पैसों को सुरक्षित विनियोग करना है तो आपको शेयर बाजार की कार्यप्रणाली, सुरक्षित निवेश के सिद्धांत, म्यूचुअल फंड, आईपीओ, और डिजिटल ट्रेडिंग जैसे विषयों पर विस्तार से जानना होगा। आपने निवेश से जुड़े जोखिम, फ्रॉड से बचाव और सेबी द्वारा निर्धारित निवेशक संरक्षण उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक वित्तीय समझ प्रदान करते हैं, जिससे वे भविष्य में बेहतर आर्थिक निर्णय ले सकें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करना है। डा अमर कुमार जैम जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना ने कहा कि पैसों का विनियोग अथवा वियोग आपकी वित्तीय जानकारी पर निर्भर करता है। बुद्धिमान व्यक्ति पैसों को काम पर लगाते हैं पैसों का आप यदि व्यवस्थित एवं प्रबंधकीय विनियोग करते हैं तब पैसे के लिए आपको काम नहीं करना है पैसा आपके लिए काम करेगा।

**पूर्णाहुति की कथा आज 10 बजे से, 1 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी**

# शबरी जी की तरह निष्ठा हो तो भगवान अवश्य मिल जाते हैंः प्रेमभूषण जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दुनिया में केवल सनातन धर्म ही तप करने की उचित प्रेरणा देता है। हमारे लगभग सभी सद्ग्रंथ यही बताते हैं कि बिना तप के कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। हमारी संस्कृति यह सिखाती है कि तप करने में ही सुख है, भोग में नहीं। मनुष्य की योनि तप करने के लिए ही है। जीव की बाकी की सभी योनियां भोग योनि कही जाती हैं। उक्त बातें मध्य प्रदेश के सागर स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन के छठे सत्र में पूज्य श्री प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं। छठे दिवस म.प्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा के मंच पर पहुंच कर व्यास पीठ और श्री रामायण जी की पूजन आरती की और अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह, देवरी विधायक बृजबिहारी पटैरिया सहित अनेक विधायकों, पूर्व विधायकों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पत्रकारों ने कथा श्रवण कर व्यासपीठ व श्री रामायण जी



का आरती पूजन किया। पूज्य श्री के मीडिया प्रभारी तारकेश्वर मिश्रा ने बताया कि पूर्णाहुति सत्र की कथा शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे से 1 बजे तक होगी और इसके बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया है। समापन दिवस पर केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित अनेक अतिथि कथा आयोजन में शामिल होंगे।

सरस श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति प्रेमभूषण जी महाराज ने मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक विधायक भूपेन्द्र सिंह के पावन संकल्प से आयोजित रामकथा के क्रम में भगवान की मंगल वन यात्रा के प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि श्रद्धा में अर्पण और समर्पण हो तो श्रद्धा अवश्य फल प्रदान करती है। हम जो करते हैं उस पर हमें ही विश्वास नहीं होता है तो फिर कैसे भगवान का दर्शन होगा। खटपट मिटे तो झटपट दर्शन होगा। लाख कोई समझाए भटकना नहीं है। जो इष्ट हैं उनमें केवट भैया और शबरी मैया की तरह से निष्ठ रहना है। सुग्रीव जी की तरह नहीं बनाना है। भगवान से मिलने के बाद भी संसार में लिपट कर भगवान को ही भूल गए।

महाराज श्री ने कहा कि जीव को मानव शरीर स्वयं की पहचान करने और भगवान का भजन करने के लिए मिला होता है। जैसे-जैसे भगवान के भजन की ओर मनुष्य बढ़ता जाता है, संसार का भौतिक सुख उससे अपने आप दूर होता चला जाता है। वास्तव में संसार के भौतिक सुख का कोई मतलब नहीं होता है। यह बात मनुष्य को तब समाझ आता है जब उसका अपना शरीर अक्षम और रुग्ण हो चुका होता है। इसलिए मनुष्य का यह कर्तव्य बनता है कि वह अपनी बुद्धि को धर्म में लगाए। धर्म सम्मत जीवन जिए। भगवान ने स्वयं कहा है - निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा, जिसका अर्थ हैः "मुझे (भगवान को) कपट, धोखा, छल और दूसरों में छिद्र (दोष/बुराई) खोजना पसंद नहीं है।"महाराज श्री ने कहा कि ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य तो हमारे हैं ही इनको कुछ भी कहो तो कुछ करेंगे नहीं हमें तो दूसरों को पटा लेना है।

## दर्शनशास्त्र विभाग में 'ज्ञान, भ्रम व ज्ञानमीमांसीय अन्याय' पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय, सागर के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 6 से 8 फरवरी तक चलेगा। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय 'ज्ञान, भ्रम एवं ज्ञानमीमांसीय अन्याय' रखा गया है। इसमें ज्ञान की प्रकृति, भ्रम की स्थिति और सामाजिक न्याय के संदर्भ में ज्ञानमीमांसा की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी का शुभारंभ 6 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे विश्वविद्यालय के रंगनाथ भवन में होगा। विषय विशेषज्ञों के विमर्श हेतु तकनीकी सत्र विश्व विद्यालय अतिथि गृह के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित किए जाएंगे। कुल 11 तकनीकी सत्रों का आयोजन होगा। 7 फरवरी 2026 की शाम को स्वर्ण जयंती सभागार में विद्यार्थियों और शोधार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। तीन दिवसीय इस वैचारिक मंथन का समापन 8 फरवरी 2026 को होगा। संगोष्ठी में देश के विभिन्न कोनों से 30 से अधिक ख्यातिप्राप्त विद्वान शामिल होंगे। इनमें मध्य प्रदेश के अलावा जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल , त्रिपुरा, दिल्ली, वाराणसी, मुंबई, जोधपुर और प्रयागराज जैसे प्रमुख शहरों के विषय विशेषज्ञ अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। शोधार्थियों के लिए अपनी प्रस्तुति देने हेतु एक विशेष तकनीकी सत्र भी निर्धारित किया गया है। इस आयोजन के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर हैं। संरक्षक, अधिष्ठाता मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत हैं।संगोष्ठी के निदेशक डॉ. अनिल कुमार तिवारी हैं। समन्वय का दायित्व सहायक आचार्य डॉ. देबस्मिता चक्रबर्ती और आयोजन सचिव का कार्यभार सहायक आचार्य डॉ. अर्चना वर्मा संभाल रही हैं। आयोजन समिति में डॉ. सत्य नारायण देवलिया एवं डॉ. नरेन्द्र कुमार बौद्ध सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को उसका दूर का रिश्तेदार बीती 2 फरवरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### उनि राहुल कुमार निलम्बित

**ललितपुर**। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती पत्र के निस्तारण में पुरानी फोटो पोर्टल पर अपलोड कर देने के मामले को पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गंभीरता से लिया है। देर रात एसपी ने थाना बार में तैनात उप निरीक्षक राहुल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने के आदेश जारी किये है।

### युवक पैर फिसलकर छत से गिरकर घायल

**ललितपुर**। थाना जाखलौन क्षेत्र में रहने वाले संतोष विश्वकर्मा वर्तमान में थाना मड़ावरा के ग्राम सौंरई में निवासरत हैं। बीती देर रात जब संतोष छत पर था, तभी साबुन के झाग पर उसका पैर फिसल गया, जिससे वह करीब 10 फुट ऊंची छत से सीधा नीचे आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल संतोष को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर**। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 52 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

---

### कल्याण सिंह सभागार में आयोजित मेगा कृषि आउटरीच में महिला शक्ति पर जोर

# समृद्ध नारी और किसान हमारे देश की विकसित अर्थव्यवस्था का प्रतीकः डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पंजाब नैशनल बैंक, अग्रणी बैंक द्वारा कल्याण सिंह सभागार, ललितपुर में मेगा कृषि आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन मण्डल प्रमुख श्री राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी ने पंजाब नैशनल बैंक द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की और आह्वान किया कि महिला शक्ति को आर्थिक रूप से संबल बनाने के लिए इस तरह के आयोजन प्रत्येक ब्लाक स्तर पर भी बढ़ाना चाहिए और ग्रामीण स्तर भी इस तरह के आयोजन करके बैंकिंग सेवाओं की जानकारी बढाने के उपाए किए जाने चाहिए। समृद्ध नारी और किसान हमारे देश की विकसित अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, तभी हम विकसित भारत की संकलपना को पूरा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने द्वारा लिए गए ऋणों को जमा करें और अपनी क्रेडिट स्कोर को सुधार कर अपने ऋणों की राशि बढ़ाकर अपने व्यापार और कृषि आधारित व्यवसाय को बढ़ावा दें। बैंक से ऋण लें और ग्रामीण सेठ साहूकारों के चुंगल से मुक्ति पाएँ। बैंक द्वारा जारी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने उपस्थित जन समूह को शिक्षा का महत्त्व बताते हुए कहा कि वे सभी लाभार्थियों के अपनी नई पीढी को आर्थिक रूप से शिक्षित करें। कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक मुकेश चंद ने कृषि आधारित योजनाओं की जानकारी दी और सभी उपस्थित नारी शक्ति का आह्वान किया कि वे अपने परिवार को सशक्त और संबल बनाएँ। मंडल प्रमुख राजकुमार ने बैंक के विजन को बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हर उस नारी शक्ति को सशक्त बनाना है जो अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारकर अपने परिवार को सशक्त बनाना चाहती है और स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कृषि या उससे जुड़ी गतिविधियों से जुड़कर अपनी समृद्धि के रास्ते खोलना चाहती है। हमारा बैंक हर कदम पर उसके साथ खड़ा है और उसको आर्थिक मदद करना चाहता है। उप अंचल प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बैंक के विजन को साझा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन देश भर में किए जा रहे हैं। सरकार के विकसित भारत के लक्ष्य को तब तक पूरा नहीं किया जा सकता है जब तक हमारे देश का किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त न हों। हमारा बैंक किसानों के लिए विभिन्न प्रकार कृषि ऋण और उससे जुड़े उपकरण और सभी रोजगार परक जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, वेयर हाउस, मधुमक्खी पालन, स्वयं सहायता समूह आदि के लिए ऋण उपलब्ध कराता है।

मंडल प्रमुख ने बताया की आज के इस आयोजन में स्वयं सहायता समूह में 6 करोड़ से अधिक के 102 लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड में 673 ग्राहकों को लगभग 24 करोड़ के और किसान गोल्ड कार्ड में 176 लाभार्थियों को 12 करोड़ और पशुपालन के लिए 163 लाभार्थियों को लगभग 03 करोड़ के ऋण वितरित किए गए। सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं में भी हमारा बैंक हमेशा अग्रणी रहता है। अभी तक ललितपुर जिले में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 3174, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 16086 और अटल पेंशन योजना में 6171 लाभार्थियों को कवर किया है। इस आयोजन में सभी मुख्य अतिथि और प्रशासनिक अधिकारियों सहित मण्डल प्रमुख राजकुमार, उप मंडल प्रमुख धीरेन्द्र कुमार शशि, मुख्य प्रबन्धक कमलेश सरन, वरिष्ठ प्रबन्धक मुकेश पटेल, चित्रांशु और ललितपुर जिले की शाखाओं के शाखा प्रभारी, कृषि अधिकारी और सम्मानीय ग्राहक गण उपस्थित रहे। स्वयं सहायता समूह आधारित ऋण एक्सपो में करीब 350 महिलाओं ने सहभागिता की और कार्यक्रम का सफल और सारगर्भित संचालन राजभाषा प्रबन्धक जीतेंद्र कुमार अहिरवार और मुख्य अतिथि और सभी प्रशासनिक अधिकारियों और सम्मानित ग्राहकों का धन्यवाद ज्ञापन अग्रणी जिला प्रबन्धक रंजीत कुमार ने किया।

---

### भाजपा ने प्रेस वार्ता में कहा...

# केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर हाल ही में केंद्रीय सरकार द्वारा जारी सर्वस्पर्शी बजट को लेकर पत्रकारों से चर्चा की गई। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने बताया कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देने वाला बजट है। उत्तर प्रदेश में हाई स्पीड रेल और रेल विस्तार को गति देने वाला आदर्श बजट है। कैंसर सहित दुर्लभ बीमारियों की सत्रह जीवनरक्षक दवाएं सस्ती कर आम आदमी को राहत प्रदान की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की कनैक्टिविटी होने से उद्योगों की लागत घटेगी और व्यापार बढ़ेगा। पन्द्रह हजार स्कूल और पांच सौ कालेजों में विशेष लैब की व्यवस्था करने से बैज्ञानिक शिक्षा में इजाफा होगा। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि यह केन्द्रीय बजट सर्वस्पर्शी सार्वभौमिक, राष्ट्र को समर्थ बनाने बाला बजट है जो अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान हेतु सृजित किया गया है। इसमें वायो फार्मा क्षेत्र में दस हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था कर इस क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया गया है।हर जिले में गर्ल्स होस्टल खोलने से कामकाजी और शिक्षा प्राप्त कर रही मातृशक्ति को बहुत लाभ होगा। परम्परागत उद्योगों के आधुनिकीकरण हेतु भारी बजट का प्रावधान किया गया है ताकि इन उद्योगों को विकसित कर विश्ववाजार में प्रतिस्पर्धी वना कर इसके विक्रय को नया बाजार मिल सके। जिला संयोजक प्रदीप चौबे ने कहा कि नदी जोड़ो योजना के अन्तर्गत केन ,वेतवा परियोजना हेतु आठ सौ करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह योजना पूरी होने से ललितपुर सहित बुन्देलखण्ड को बहुत लाभ होगा। औद्योगिक कारीडोर के लिए छप्पन हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है इस के माध्यम से उद्योगों को कर्ज, सब्सिडी,एवं अन्य विकास के कार्य हेतु मदद मिल सकेगी। पत्रकार वार्ता के अन्त में जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, कार्यक्रम संयोजक प्रदीप चौबे, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, रमेश कुमार खटीक, भाजपा के प्रांतीय परिषद के सदस्य शशिशेखर पांडेय,सह मीडिया प्रभारी ध्रुव सिंह सिसौदिया, रुपेश साहू,गौरव गौतम, जगभान सिंह लोधी एड , सुनील मिश्रा मसोराखुर्द आदि उपस्थित रहे।

---

# पाली महोत्सवः कबड्डी लीग मुकाबलों में पुरुष व बालिका की प्रतियोगिताएं संपन्न

**पाली**। नगर में आयोजित पाली खेल एवं मेला महोत्सव 2026 के सातवें दिन खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस अवसर पर कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया, जिसमें पुरुष वर्ग एवं बालिका वर्ग की लीग प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और जोश के साथ अपने खेल का प्रदर्शन किया। महोत्सव के सातवें दिन आयोजित कबड्डी लीग सीजन में नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमों के बीच कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद लक्ष्मी रजक, पार्षद गीता देवी, पार्षद रुक्मिणी कुशवाहा एवं रानू तिवारी उपस्थित रहीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। लीग मुकाबलों के अंतर्गत पाली बनाम बिरधा, हरियाणा बनाम उन्नाव, उन्नाव बनाम मालथौन, हरियाणा बनाम सागर, विदिशा बनाम पाली, उन्नाव बनाम सागर, सागर बनाम खिरिया सरकार एवं हरियाणा बनाम सागर के बीच मुकाबले खेले गए। सभी मैचों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मैचों के दौरान स्कोरिंग, एम्पायरिंग एवं कॉमेंट्री की जिम्मेदारी अरविंद राजपूत, कृष्ण प्रताप सिंह, तरुण शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, अर्चना किरार एवं पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा कुशलता पूर्वक निभाई गई। उनकी सक्रिय भूमिका से प्रतियोगिता का संचालन व्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने उपस्थित खेल प्रेमियों, अतिथियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पाली खेल एवं मेला महोत्सव का मुख्य उद्देश्य नगर एवं आसपास के क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल भावना का विकास होता है और वे सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हैं।

---

### कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, नारेबाजी कर कार्रवाई करने की मांग उठाई

# वोट काटने को लेकर सपा ने भाजपा पर आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सत्यप्रकाश के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर कर कई बूथों पर फार्म सात (मतदाता सूची से नाम हटाने का प्रारूप) के माध्यम से लोगों का नाम कटवाने की साजिश का पर्दाफाश किया।

उन्होंने नाम काटे जाने के संबंध में कई साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के इशारे पर चिन्हित बूथों पर फार्म सात भेजा गया हैं। इसके बाद भाजपा के लोग साजिस के तहत बीएलओ पर नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने बताया कि भाजपा के मंडल और बूथ अध्यक्ष बीएलओं को देकर लोगों का नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। उन्होने दावा किया कि सपा कार्यकर्ताओं ने कई बूथों पर गड़बड़ी को पकड़ लिया हैं समाजवादी पार्टी ने दावा किया कि ललितपुर विधानसभा के बूथ नंबर 492 सेंट्रल पब्लिक स्कूल आजादपुरा, बूथ नंबर 430, 431, 432, 433, 434 नदीपुरा, बूथ नंबर 523, 524, 525, 526 नेहरू नगर सहित पूरे जनपद में विभिन्न बूथों पर बनाए हुए वोटरों के जिन्होंने अभी एस आई आर प्रक्रिया पूरी की है। उनके फार्म नंबर 7 भरकर बीएलओ के पास जमाकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में भारी आक्रोश है, साथ ही वोटर मानसिक दबाव में भी है। सपा कार्यकर्ताओं ने इस प्रकरण का पर्दाफाश कर दिया। उन्होने दावा किया कि वोटरों के नाम मतदाता सूची से बाहर करने की साजिश चल रही हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर यह काम किया जा हैं। ललितपुर विधानसभा के अलावा उन्होंने महरौनी विधानसभा के बूथों में भी गड़बड़ी करने का मुद्दा उठाया। समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले का संज्ञान नहीं लिया गया तो पार्टी विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान पूर्व महिला सभा जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, प्रदेश सचिव गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, आशीष चौबे, विधाकांत मालवीय, मो.अनवर खान, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर पूर्व पार्षद, नगर अध्यक्ष अभि खजुरिया, हरिसिंह यादव जिजयावन, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष ह्रदेश यादव मुखिया, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, नगर महासचिव एड विजय कुमार सिंह, राममूर्ति तिवारी, चंदन पटेल, राजेश झा, एड पुष्पेंद्र यादव, यशपाल सिंह बछरावनी, प्रमोद इमलिया, अरविंद परिहार, चंद्रपाल यादव मौजूद रहे।

---

### ठेकेदार की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

# देसी व अंग्रेजी शराब की दुकानों में तोड़फोड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

खितवांस में देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने एकराय होकर ताला तोड़ा, सीसीटीवी कैमरे तोड़े, डीवीआर ले गये और दुकानों में रखी देशी व अंग्रेजी शराब को लूट लिया। लूटी गयी शराब को सड़क पर फेंकते हुये नष्ट कर दिया गया। लाखों रुपये की शराब बर्बाद करने, लूटपाट करने और सेल्समैनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये लोक व्यवस्था भंग करते हुये सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाने के मामले में अब प्रशासन और पुलिस सख्त हो गयी है। आबकारी ठेकेदारों की तहरीर पर आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी है।

कोतवाली महरौनी के ग्राम सिलावन में रहने वाले रोहित राय पुत्र रामसेवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ग्राम खितवांस में कम्पोजिट शराब की दुकान आवंटित है। बीते मंगलवार को अपराह्न करीब 12.30 बजे ठेका देशी शराब में सेल्समैन ग्राम खजुरिया निवासी हितेन्द्र कुमार राय पुत्र भगवानदास व प्रवेन्द्र राय पुत्र रामप्रसाद मौजूद थे। इसी बीच खितवांस के विक्रम पुत्र गोवद्र्धन, बलराम पुत्र हरीराम, निर्मल पुत्र मनीराम, सत्येन्द्र पुत्र रमाकान्त, सुधीर पुत्र अमान, विनोद पुत्र बुद्धे, मुन्ना खां पुत्र बादल खां, गजराम पुत्र प्रेमचंद्र, संतोष पुत्र पुनू, फूलचंद्र पुत्र खुशीलाल, अंकित पुत्र स्व.रामसिंह, राहुल पुत्र दीपचंद्र, जोधा पुत्र रामचंदे, नीलू पुत्र मनी, धरमू पुत्र धनु कुशवाहा, धनीराम पुत्र रामदीन, ललिता पत्नी गोपी, गुलाबबाई पत्नी पुनू, कमलेश पत्नी जुजू उर्फ बद्रीप्रसाद, अंशुल पुत्र कौशल किशोर व अन्य कैमरे में कैद कई लोगों ने एकराय होकर सेल्समेन से कहा कि उनके परिजनों ने शराब में बहुत पैसा दिया है। अब सभी को दो-दो लाख रुपये दो नहीं तो दुकान चलाने नहीं देंगे और तोड़ देंगे। सेल्समैनों ने जब मना किया तो उक्त लोगों ने दुकान में जबरन घुसकर सेल्सेमैनों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर वहां पर लगे पांच सीसीटीवी कैमरे बीयर का फ्रिज तोड़ दिया। मारपीट में सेल्समैन घायल हो गये और वह जान बचाकर भाग गये। लोगों ने दुकान में घुसकर 80 पेटी अंग्रेजी शराब व 100 पेटी बीयर व रुपयों की पेटी तोड़कर बाहर रोड पर पटककर तोड़ दिया। इससे रोड जाम हो गयी और लोक व्यवस्था भंग हुयी। सूचना पर आबकारी विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची, इसके बावजूद भी काफी देर से लोगों को हटाया गया। आरोप है कि पूरे घटनाक्रम को ग्राम प्रधान कमलेश झां पुत्र हरीराम झां द्वारा लोगों को पंचायत भवन में बुलाकर षडय़ंत्र कर अंजाम दिया गया है। पुलिस ने रोहित राय की तहरीर पर नामजद व कैमरे में कैद लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 191 (2), 191 (3), 126 (2), 333, 119 (1), 61 (2), 324 (5), 352 व आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1932 की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

इधर शेख का कुआं महरौनी निवासी प्रदुम्न दुबे पुत्र प्रकाश दुबे ने पुलिस को तहरीर देकर अपराह्न 12 बजे उसकी खितवांस स्थित देसी शराब की दुकान में विक्रम पुत्र गोवद्र्धन, बलराम पुत्र हरिराम, निर्मल पुत्र मनीराम, सत्येन्द्र पुत्र रमाकांत, सुधीर पुत्र अमान, विनोद पुत्र बुद्धे, मुन्ना खां पुत्र बादल खां, गजराम पुत्र प्रेमचंद्र, संतोष पुत्र पुनू, फूलचंद्र पुत्र खुशीलाल, अंकित पुत्र स्व.रामसिंह, राहुल पुत्र दीपचंद्र, जोधा पुत्र रामचंदे, नीलू पुत्र मनी, धरमू पुत्र धनू कुशवाहा, धनीराम पुत्र रामदीन, गुडडी पत्नी रामसिंह, भूरी पत्नी काशीराम अहिरवार, गीता पत्नी कलूटे आदि ने मारपीट की।

---

# टीम ने सीएचसी का किया भौतिक सत्यापन, मरीजों से जानकारी ली

**ललितपुर**। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आंकलन करने के लिए शासन की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार एवं इसके अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वास्थ्य सुविधाओं, दवा उपलब्धता, साफ-सफाई एवं अभिलेखों की जांच की। टीम ने सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान औषधि कक्ष, एनआरसी, दवा वितरण केंद्र सहित अन्य विभागों का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की गई। मेटरनिटी विंग में जाकर टीम ने प्रसूताओं से बातचीत की तथा बच्चों के टीकाकरण, पोषण, मां का दूध एवं शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पारोंन, बानपुर एवं गदयाना का निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई, टीकाकरण, डेली मेडिकल रिकॉर्ड, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जांच की गई। टीम ने मरीजों से संवाद कर शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के लाभ की जानकारी भी ली। शासन टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य केंद्र टोड़ी, देवरान एवं हीरापुर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण दल में प्रमुख रूप से डॉ. राजेश सिंह एवं डॉ. अमित कुमार सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक बार डॉ. नवनीत कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं एएनएम उपस्थित रहे।

---

# 10 साल पहले सरकारी लोहिया बस रोककर की थी मारपीट, अपमानित करने के मामले में सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

इकतीस अगस्त 2016 को झांसी बस डिपो की सरकारी लोहिया बस नम्बर यू.पी.93 ए.टी. 7160 को लेकर बालाबेहट से झांसी ले जाते समय ग्राम बम्हौरीवंशा के निकट दबंगों ने बस को रोका और ड्राइवर व परिचालक से मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया गया था।

इस प्रकरण में बस डिपो के परिचालक जिला फतेहपुर के असोथर आकूपुर निवासी अशोक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने महेन्द्र यादव व सोनू यादव पुत्रगण कमल सिंह यादव व एक अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 353, 332, 323, 504, 506 व एससी एसटी एक्ट की धारा 3(1)(10) के तहत एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। इस प्रकरण में डीजीपी लखनऊ के आदेश, एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने के अभियान के तहत ग्राम बम्हौरीवंशा निवासी महेन्द्र यादव पुत्र कमल सिंह यादव को सजा दिलायी गयी है। बताया गया है कि थाना बालाबेहट में दर्ज अभियोग में डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना बालाबेहट पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए 02 फरवरी 2026 को न्यायालय एडीजे/एससीएसटी एक्ट महेन्द्र यादव को दोषी पाते हुए 03 वर्ष के कारावास की सजा व 10 हजार रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

---

### साहित्यिक विरासत को नई पहचान देने झांसी में सजेगा साहित्य का महाकुंभ

# बुंदेलखंड लिटरेचर फेस्टिवल 5.0 छह से शुरू होगा

### देश-दुनिया के प्रख्यात साहित्यकार कलाकार और पत्रकार करेंगे वैचारिक विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुन्देलखण्ड की सांस्कृतिक चेतना और साहित्यिक विरासत को वैश्विक पटल पर नई पहचान देने के उद्देश्य से बुन्देलखण्ड लिटरेचर फेस्टिवल (बीएलएफ) का पांचवां संस्करण आगामी 06 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। झांसी के जनरल बिपिन रावत शहीद पार्क में आयोजित होने वाला यह तीन दिवसीय उत्सव कला, साहित्य, लोक संस्कृति, सिनेमा और पत्रकारिता के बहुआयामी संवाद का साक्षी बनेगा। फेस्टिवल का आगाज शुक्रवार को आचार्य अंशुल नायक द्वारा संपन्न कराए जाने वाले वैदिक मंगलाचरण से होगा। उद्घाटन सत्र में पद्मश्री मालिनी अवस्थी, दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन प्रो. बलराम पाणि, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय, झांसी मंडल आयुक्त विमल कुमार दुबे और चर्चित पत्रकार ऋचा अनिरुद्ध बुन्देलखण्ड की सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा करेंगे।




### कला, सिनेमा और डिजिटल कंटेंट पर चर्चा होगी

तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में पंचायत वेब सीरीज के अभिनेता फैजल मलिक, अभिनेत्री निधि बिष्ट, फिल्म निर्देशक तरुण डुडेजा और कास्टिंग डायरेक्टर अनमोल आहूजा डिजिटल युग की चुनौतियों और सिनेमा के बदलते स्वरूप पर संवाद करेंगे। इसके अलावा, पद्मश्री शोभना नारायण कथक की साधना और मूर्तिकार अभिषेक कुमार सिंह कला के विभिन्न आयामों को रेखांकित करेंगे।

### क्षेत्रीय संस्कृति को मिलेगा वैश्विक मंच

आयोजकों के अनुसार, इस फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य बुन्देलखण्ड की माटी से जुड़े विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और झांसी को साहित्य व संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है। आयोजन में देश भर से आने वाले शिक्षाविद, लेखक और युवा रचनाकार हिस्सा लेंगे।

### बुंदेली लोक कला का जादू दिखेगा

आयोजन में क्षेत्रीय लोक कलाओं को विशेष स्थान दिया गया है। बुन्देली लोक गायिका साक्षी पटेरिया, आल्हा गायक जितेन्द्र चौरसिया और कवि विदित नारायण बुधौलिया लोकस्मृति को जीवंत करेंगे। समापन के अवसर पर 'पर्ल्स ऑफ बुन्देलखण्ड' सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### विविध विषयों पर सत्र होगा

फेस्टिवल के दौरान काशी की ज्ञान परंपरा, भारत की विदेश नीति में धार्मिक पर्यटन, जनजातीय विमर्श, और खेल जगत से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा होगी। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, संयुक्त सचिव (विदेश मंत्रालय) अंजु रंजन, अर्जुन अवॉर्डी रचना गोविल और कर्नल सुकेश वर्मा (शौर्य चक्र) जैसे प्रतिष्ठित वक्ता शिरकत करेंगे।

## सीएमओ सहित ऑफिशियल कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल टूटी, टाइमिंग पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीते दो दिनों से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार की रात प्रशासन से चर्चा के बाद टूट गई जिसके बाद गुरुवार को गंदी पड़ी सड़कों को सफाई कर्मी युद्ध स्तर पर झाड़ कर साफ करते दिखाई दिए। हड़ताल खत्म होने से लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन लोग इस मामले में हड़ताल खत्म किए जाने की टाइमिंग पर सवाल खड़े कर रहे है। ज्ञात हो कि बुधवार की देर शाम हड़ताली कर्मचारियों से धरने पर मिलने के लिए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय एवं भाजपा नेता महावीर सिसोदिया के साथ पहुंचे।

विगत 3 माह से बिना वेतन के काम कर रहे कर्मचारियों ने नाराजगी का इजहार करते हुए हड़ताल खत्म कर दी। इस हड़ताल का असर शहर की सफाई व्यवस्था पर विपरीत रूप से पड़ा। हालांकि हड़ताल सभी संविदा कर्मचारियों द्वारा की गई थी लेकिन असर सफाई कर्मचारियों के कारण पड़ता दिखाई पड़ा। शहर की सड़कों पर दो दिन से सफाई नहीं होने से शहरवासियों में भी नाराजगी देखी जा रही थी और नगर पालिका के बाहर टेंट लगाकर धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को समझने के लिए अफसरों सहित नेताओं ने भरसक प्रयास किए विधायक बाबू जंडेल ने तो अपने कार्यकर्ताओं के साथ सफाई कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और उन्होंने सीएमओ से कर्मचारियों के खातों में वेतन डालने की मांग करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने जो विधायक निधि नगर पालिका के विकास कार्य के लिए दी है उससे वेतन डाल दिया जाए बाद में समायोजन कर लिया जाए। इसके बाद पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान, पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश गर्ग भी धरने पर पहुंचे उन्होंने भी सीएमओ से कर्मचारियों के खातों में अन्य मद से सेलरी डालने की बात कही पर सीएमओ ने नगरपालिका का खजाना खाली होने की बात कहते हुए चुंगी क्षतिपूर्ति राशि आने पर वेतन डाले जाने की बात दोहरा दी। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर जिला शहरी अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों से चर्चा की और सीएमओ को किसी मद से कर्मचारियों के खातों में सेलरी डालने हड़ताल खत्म कराने के निर्देश दिए पर बात तब बनी जब नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिसोदिया एवं पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय को लेकर धरना स्थल पर पहुंचे इसके बाद हुए नाटकीय पटाक्षेप में कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर दी और सुबह से काम भी शुरू कर दिया लोगों का कहना है कि हड़ताल अगर खत्म करनी थी तो पहले दिन ही कर देते थे या विधायक प्रतिनिधि के आने का इंतजार क्यों किया गया वह भी ऐसे समय में जब नपा अध्यक्ष पावरलेस है और हाईकोर्ट में नगर पालिका परिषद से जुड़े मामले में उनका केस विचाराधीन है।



### सीएमओ ने झाड़ू लगाकर दिया संदेश

गुरुवार को हड़ताल खत्म होने के बाद सबसे पहले सफाई सीएमओ आरआर यादव ने अपने ऑफिशियल कर्मचारियों के साथ मिलकर की। उन्होंने नगर पालिका कार्यालय के सामने गांधी चौक पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके फोटो वीडियो अभी शेयर किए गए हालांकि सीएमओ और ऑफिशियल अमले को इस तरह साक्षरता अभियान में सहयोग करने पर लोगों ने प्रशंसा की है पर प्रश्न यह उठ रहा है कि जब नपा के पास सफाई कर्मचारी पर्याप्त मात्रा में है तो उन्हें समय पर वेतन देखकर नियमित सफाई क्यों नहीं करवाई जा रही है।

### डबल इंजन की सरकार के समर्थन के बावजूद समस्या?

यह कोई पहला अवसर नहीं है जब नगर पालिका के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया हो। इससे पहले भी नगर पालिका में वेतन को लेकर धरने प्रदर्शन होते रहे हैं कई बार कर्मचारियों ने कलम बंद हड़ताल भी की है। प्रदर्शन के बाद उनका वेतन भी दिया गया विगत साढे तीन सालों से जब से नई परिषद गठित हुई है तब से लेकर अब तक कर्मचारियों को हर माह वेतन नहीं दिया गया है तीन माह का वेतन चढ़ जाने के बाद जब आंदोलन किया जाता है तो एक माह का वेतन दे दिया जाता है पर यह समस्या क्यों बनी इस समस्या के पीछे चुंगी क्षतिपूर्ति में कटौती होना तय है। ज्ञात हो कि चुंगी क्षतिपूर्ति के लिए करीब 72 लाख रुपए नगर पालिका को प्राप्त होते हैं। जिनसे वेतन बांटा जाता है लेकिन विगत कुछ माह से सिर्फ 8 लाख रुपए चुंगी क्षतिपूर्ति आ रही है जो नगर पालिका परिषद के अधिकारों में कटौती है। प्रश्न यह उठ रहा है की डबल इंजन की सरकार समर्थित परिषद होने के बावजूद चुंगी क्षतिपूर्ति में कटौती होना समय पर पैसा न मिलाना आश्चर्य जनक है।

### इनका कहना..

कर्मचारियों को बर्खास्त करने की धमकी देकर हड़ताल समाप्त करवाई गई है। वेतन नहीं दिया गया है। यह हड़ताल नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि और उसके साथ धरने पर पहुंचे भाजपा नेताओं के निर्देश पर दी गई है। साढ़े तीन सालों से परिषद में कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।

**सलाउद्दीन बेलिम**
**नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका परिषद श्योपुर**

## विधायक निधि से बदलेगी आर्म्ड केबल, गढ़ेंगे नए पोल

# बालापुरा वासियों के माथे से मिटेगा बिजली चोर होने का झूठा कलंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बालापुरा वासियों के माथे से बिजली चोरी होने का झूठा कलंक अब मिट जाएगा। हर माह बिल जमा करने के बावजूद उन्हें बिजली, चोरों की तरह जलानी पड़ रही थी। इस मामले में विधायक बाबू जंडेल ने पहल करते हुए बस्ती में बिजली सुचारू रूप से दिलाने के उद्देश्य आर्म्ड केवल और कुछ पोल लगाने के लिए 10 लाख रुपए बिजली विभाग को दे दिए हैं। विधायक द्वारा की गई इस पहल पर वार्ड वासियों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।

स्थानीय पार्षद सलाउद्दीन बेलिम (भूरा) ने बताया कि बालापुरा में आर्म्ड कैबल खराब होने के कारण बस्ती वासियों को बिजली घर के सामने लगी डीपी से कनेक्शन तार खींच कर लेना पड़ रही थी। डीपी पर आंकड़े डालकर कनेक्शन करने के कारण दिन में कई बार फाल्ट आ जाता था लोग इससे परेशान होते थे साथ ही इतनी संख्या में तार खींच कर बिजली ले जाने से लोग वार्ड वासियों को बिजली चोर भी समझते थे इसी कारण कई बार अज्ञानता वश बिजली कंपनी ने तारों को काट कर अंधेरा करने का काम भी किया लेकिन बाद में बिल बताने के बाद तारों को जोड़ा भी गया। ऐसी स्थिति बार-बार निर्मित होती रहती थी और ईमानदारी से बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को बिजली चोर कहा जाता रहा है। इस परेशानी से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य विधायक बाबू जंडेल ने बिजली कंपनी को करीब 10 लाख रूपए आर्म्ड केवल खरीदने और कुछ पोल लगाने के लिए दिए हैं। जिसके बाद अब डीपी से तार खींचकर नहीं बल्कि उस पोल से कनेक्शन लेकर बिजली जलाई जा सकती है जिस पोल के पास मकान नजदीक है। विधायक द्वारा दी गई निधि पर बस्ती वासियों ने गुरुवार को उनका माला पहनकर स्वागत किया।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज की समस्याओं को लेकर अभाविप ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधी मंडल ने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में व्याप्त विभिन्न समस्याओ को लेकर गुरूवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर समस्याओ का जल्द समाधान कराए जाने की मांग की।

अभाविप के नगर मंत्री विष्णु बाल्मिकी की अगुवाई में कलेक्टर से मिलने पहुंचे प्रतिनिधी मंडल ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य कॉलेज में आते है। कॉलेज के किसी भी विद्यार्थी ने अभी तक प्राचार्य को शक्ल से नहीं देखा है। विशेष बात यह है कि कॉलेज के प्राचार्य रसायन शास्त्र के प्रोफेसर भी है। लेकिन इसके बाद भी कॉलेज में कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही है। जिससे कॉलेज के विद्यार्थियों की पढाई प्रभावित हो रही है। जिसको ध्यान में रखते हुए कॉलेज की समस्याओं का जल्द निदान किया जाए। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने प्रतिनिधी मंडल को जल्द ही कॉलेज की व्यवस्थाओं में सुधार करवाए जाने का भरोसा दिलाया है।

# जिला अस्पताल में मिले कैंसर के दो संदिग्ध मरीज, जांच के लिए भेजे जाएंगे ग्वालियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिले में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी भी धीरे धीरे अपने पैर पसारती जा रही है। हालांकि इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है,लेकिन इसके बाद भी इस गंभीर बीमारी की गिरफ्त में आने वाले लोगों की संख्या बढती जा रही है। बुधवार को जिला अस्पताल में आयोजित कैंसर जांच शिविर के दौरान कैंसर के दो संदिग्ध मरीज मिले है। अस्पताल प्रबंधन ने दोनों मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कर लिया है और उनमें कैंसर है,इसकी जांच के लिए उन्हें ग्वालियर मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। यदि जांच के दौरान उनमें कैंसर की पुष्टि हुई तो शासन स्तर पर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल बुधवार को जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता और कैंसर स्क्रीनिंग जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल,आरएमओ डॉ गजेन्द्र धाकड, कैंसर के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा, डॉ सीमा शाक्य, डॉ वीके शाक्य आदि चिकित्सक विशेष रूप से मौजूद रहे। सिविल सर्जन डॉ गोयल सहित अन्य चिकित्सको ने उपस्थित महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ओरल कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके तथा नियमित जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।शिविर के दौरान कैंसर की निःशुल्क जांच भी की गई। कैंसर के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि कैंसर स्क्रीनिंग जांच शिविर के दौरान 239 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई है। स्क्रीनिंग के दौरान दो ऐसे संदिग्ध मरीज मिले है,जिन्हें कैंसर हो सकता है। इसलिए दोनों मरीजो को जिला अस्पताल में भर्ती कर लिया है और उनकी कैंसर की जांच के लिए उन्हे ग्वालियर भेजा जाएगा। ताकि जांच के दौरान कैंसर की पुष्टि हो सके।

# बोर्ड परीक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 35 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष भी बनाए गए है। इन केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्षो की एक बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाओं के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। आवश्यकतानुसार परीक्षार्थियों के लिए फर्नीचर, पेयजल आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें तथा सभी परीक्षा कक्षो में प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा सामग्री का वितरण 6 फरवरी को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर से किया जायेगा। उन्होने बताया कि कक्षा 12वी की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होगी, इस परीक्षा में 4 हजार 678 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 13 फरवरी से शुरू होने वाली 10वी बोर्ड की परीक्षा में 6 हजार 701 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन सहित सभी बीईओ एवं बोर्ड परीक्षाओं के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष तथा सहायक केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहें।

# बैंकर्स परम्परागत एवं पर्यटन आधारित रोजगार को बढावा दें: अपर कलेक्टर

**श्योपुर।** बैंकर्स परम्परागत व्यवसाय एवं पर्यटन आधारित रोजगार को बढावा दें, इससे संबंधित व्यवसायों, कलां कौशल को प्रमोट करने के लिए आर्थिक संसाधन मुहैया कराए जाए। यह बात अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। इस अवसर पर एलडीएम रघुनाथ सहाय, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, सहायक संचालक उद्योग शुभम अग्रवाल, सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि पराम्परागत कौशल एवं व्यवसाय आधारित रोजगार और स्वरोजगार से बडी संख्या में कारीगर जुडे हुए है। ऐसे कारीगरों और व्यवसायियों को कारोबार विस्तार के लिए ऋण मुहैया कराया जायें, जिससे वे अपनी आमदनी को बढा सकते है। इसी प्रकार जिले में पर्यटन आधारित रोजगार की असीम संभावनाएं है, इस क्षेत्र में फायनेंस करना बैंको के लिए भी लाभदायक होगा और जिले में पर्यटन गतिविधियां बढेगी। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिये कि एनआरएलएम के स्वसहायता समूहों को लक्ष्य अनुसार सीसीएल स्वीकृत किया जायें। वर्तमान में 55 करोड के लक्ष्य के विरूद्ध 36 करोड रूपये की राशि सीसीएल के रूप में 1471 समूहों को उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि मार्च से पहले लक्ष्य हासिल किया जायें। इस अवसर पर एसबीआई स्टेशन रोड द्वारा गुरू महाराज स्वसहायता समूह चन्द्रपुरा को सर्वाधिक सीसीएल राशि 12 लाख रूपये प्रदाय किये जाने पर प्रबंधक श्री राजीव वर्मा की प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि पीएमईएफएमई अंतर्गत 76 के लक्ष्य के विरूद्ध 39 प्रकरण स्वीकृत किये गये है तथा 35 प्रकरणों में ऋण वितरण किया गया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वीरपुर एवं कैनरा बैंक श्योपुर के प्रबंधक को लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिये गये। पीएम विश्वकर्मा, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में भी बैंकर्स को




आवंटित लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृति हेतु निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना वर्ष 2025-26 के लिए 56 इकाईयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके क्रम में स्थानीय स्तर पर 125 का लक्ष्य निर्धारित कर 130 प्रकरण विभिन्न बैंको को प्रेषित किये गये। बैंकर्स द्वारा 61 प्रकरण स्वीकृत किये गये है तथा 58 में ऋण राशि का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि शेष लंबित प्रकरण स्वीकृत कर वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। पशुपालन विभाग अंतर्गत पशुपालको के लिए केसीसी हेतु प्राप्त 1105 प्रकरणों में से 552 बैंको द्वारा स्वीकृत किये गये है। बकरी ईकाई योजना में 37 प्रकरण बैंको को प्रेषित किये गये, जिनमें से 05 प्रकरण बैंकों द्वारा स्वीकृत किये गये है। आचार्य विद्या सागर गौसंवर्धन योजना अंतर्गत 49 प्रकरण बैंको को प्रस्तुत किये गये है, जिनमें से 08 स्वीकृत किये गये है। जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति अंतर्गत संत रविदास स्वरोजगार योजना में 62 के लक्ष्य के विरूद्ध 71 प्रकरण बैंको को भेजे गये, जिसमें से 38 स्वीकृत कर 34 वितरित किये गये है। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत 88 के लक्ष्य के विरूद्ध 79 प्रकरण प्रेषित किये गये तथा बैंको द्वारा 45 प्रकरण स्वीकृत कर 36 वितरित किये गये है। आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 22 के लक्ष्य के विरूद्ध 45 प्रकरण बैंको को प्रेषित किये गये तथा बैंको द्वारा 15 स्वीकृत कर 13 में वितरण किया गया है। टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 106 के लक्ष्य के विरूद्ध 49 प्रकरण प्रेषित किये गये, जिनमें 20 में स्वीकृति एवं 16 वितरण किये गये है।

## 16 करोड़ की परियोजना पर खड़े हो रहे सवाल

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की पाइप लाइन से हुई मटमेले पानी की सप्लाई, लोगों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक तरफ प्रशासन लोगों को शुद्ध पानी की गारंटी देने के उद्देश्य से जल सुनवाई के नाम पर प्रशासन कैंप लगाकर शिकायत आमंत्रित कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ वार्डो में उस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है जिससे फिल्टर (शुद्ध) पानी पिलाने की गारंटी दी जा रही है। यह हम नहीं कह रहे,बल्कि इसका उदाहरण विकासखंड मुख्यालय विजयपुर के वार्ड क्रमांक 9, 10 एवं 15 में देखने को मिल रहा है, जहां नलों से दूषित पानी सप्लाई हुआ। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गंदा पानी सप्लाई होने से इस परियोजना पर 16 करोड़ रुपए खर्च करने पर भी प्रश्न उठ रहे हैं। विजयपुर शहर के कई वार्डों में दूषित पानी सप्लाई होने से लोगों ने हंगामा कर दिया।

विजयपुर में दूषित पानी की सप्लाई को लेकर हुआ लोगों का यह हंगामा इसलिए भी अधिक हुआ कि जहां दूषित पानी सप्लाई हुआ, उसमें अफसर कॉलोनी भी शामिल थी,यहां पूर्व विधायक, तहसीलदार सहित कई अफसर के निवास हैं जिनके घरों में मटमेला पानी सप्लाई होने से लोगों ने शिकायत कर दी। जब प्रश्न यह उठ रहा है कि जब मंगलवार को जनसुनवाई के साथ-साथ जल सुनवाई भी कैंप लगाकर की जा रही है और लोगों से मनादी कर जल से जुड़ी समस्या पूछी जा रही है जिला स्तर के बड़े अधिकारी दूषित जल प्रवाहित ना हो इस उद्देश्य से भ्रमण कर चुके हैं और स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित भी कर चुके हैं इसके बावजूद नलों से दूषित पानी आना अपने आप में एक आश्चर्य जनक बात है।



### 16 करोड़ की परियोजना पर इसलिए उठे सवाल

विजयपुर में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके इस उद्देश्य से 16 करोड रुपए खर्च कर उक्त परियोजना को अमली जामा पहनाया गया है। हालांकि इस परियोजना के माध्यम से अभी कुछ बस्तियों में पाइप लाइन और अधिक बिछाई जानी है लेकिन विगत एक साल से इस परियोजना के माध्यम से करीब 80 फीसद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने का दावा संबंधित कंपनी द्वारा किया जा रहा है पर जिस तरह से बस्तियों में गंदा पानी आ रहा है उसे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से शुद्ध पानी सप्लाई होने के दावों पर प्रश्न तो को जरूर उठ रहा है।

### कलेक्टर के निर्देश हुए हवा हवाई

नागरिकों को पीने का पानी शुद्ध मिले इसके तहत प्रदेश स्तर पर चल रहे अभियान के क्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर विगत दिनों अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय के नेतृत्व में एक दल ने विजयपुर के शहरी क्षेत्र का भ्रमण किया था और सभी पेयजल आपूर्ति स्थलों का निरीक्षण कर शुद्ध जल प्रभाह के लिए निर्देशित किया था इस दौरान नालियों से पाईप लाईन हटाने, लीकेज बंद करने अथवा खुले कुए से पेयजल सप्लाई न करने जैसे निर्देश भी दिए गए थे इस निर्देश में एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा, जिला शहरी अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य, तहसीलदार सहित पूरा प्रशासन का अमला मौजूद था टीम ने लोगों से भी चर्चा भी की और उनके सुझाव भी जाने लेकिन इस बात को करीब एक पखवाड़ा बीत गया है लेकिन आज तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए नगर परिषद ने क्या प्रयास किए हैं इसकी पोल सप्लाई हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति से लगाना मुश्किल नहीं है।

### ठीक करवाता हूं...

ट्रीटमेंट प्लान से सप्लाई का काम एक साल से किया जा रहा है लेकिन आपके माध्यम से पता चला है कि तीन वार्डों में दूषित पानी सप्लाई हो रहा है तो मैं इसे अभी दिखा कर ठीक करवाता हूं।

**ललित कुमार**
**इंजीनियर जलावर्धन योजना**

## एसआईआर से जुड़ी समस्या को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**श्योपुर।** एसआईआर को लेकर जारी किए गए नोटिसों को लेकर मतदाताओं के सामने आ रही परेशानियों को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के नाम ज्ञापन जिला उप निर्वाचन अधिकारी संजय जैन को सौंपते हुए नागरिकों के मन में उठ रही शंका आशंकाओं को शांत करने की मांग की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि इन दिनों एसआईआर के तहत जिले में एक लाख 37 हज़ार 475 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं नोटिस को लेकर मतदाता डरे हुए हैं लोग अपना काम मजदूरी छोड़कर मतदान केंद्र पर नोटिस का जवाब देने पहुंच रहे हैं लेकिन केंद्र पर आपके द्वारा नियुक्त किए गए एआईआरओ नहीं मिलने के कारण उन्हें कई कई घंटे बैठकर वापस आना पड़ रहा है। ओर बीएलओ मतदाताओं के आवेदन लेने से भी मना कर रहे हैं। जारी किए गए नोटिस में चार या पांच फरवरी की अंतिम तिथि भी डाली गई है बड़ी संख्या में नोटिस जारी करने से मतदाता में घबराहट मिली हुई है निर्वाचन आयोग का काम में पारदर्शिता बरती जाए जिस तरह अभी तक संतोषजनक ओर विश्वास पूर्ण कार्य हुआ है वह जारी रखा जाए। जिन एआईआरओ की ड्यूटी मतदान केदो पर लगाई गई है उनका मतदाता से नोटिस का जवाब लेने के लिए केंद्र पर बैठना सुनिश्चित किया जाए अथवा बीएलओ को निर्देशित किया जाए कि वह मतदाताओं के फॉर्म लेकर एआईआरओ को सौंपे। इस दौरान उप निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने उन्हें बताया कि यह शिकायत हमें मिली है इसे दूर कर लिया गया है आज ही सभी बीएलओ को निर्देशित कर दिया गया है कि वह फॉर्म को खुद कलेक्ट करें एआईआरओ को इंतजार का इंतजार न करे। साथ ही फॉर्म भरवाने में एआईआरओ की मदद करें उन्होंने कहा कि जो नोटिस जारी किए गए हैं वह इसलिए किए गए हैं कि संबंधितों के नाम मिसमैच हो रहे हैं उन्हें वह सुधार कर ले किसी के नाम काटे नहीं जाएंगे। अगर जो 13 दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज नहीं भी मिलेगा तो भी प्रमाणिकरण लेकर संबंधित का नाम मतदाता सूची में जोड़े रखना के प्रयास भी किए जाएंगे किसी भी मतदाता को घबराने की जरूरत नहीं है इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद चीनी कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल हमीद (भोला) आदि मौजूद रहे।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मछावली में आयोजन

# 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह में लक्ष्य साधकर आगे बढ़ने की सीख दी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा विकासखंड शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मछावली स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्र /छात्राओं की विदाई समारोह बहुत ही शानदार रहा। इस अवसर पर छात्र /छात्राओं ने पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य प्रभारी कालीचरण जाटव के हाथों सरस्वती पूजन के साथ हुआ।

जाटव ने स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध सुविचार ₹उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए₹ को छात्रों के बीच प्रेषित किया। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अडिग रहने का संदेश दिया। इसके बाद छात्रों ने रैंप वॉक का प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाट्य प्रस्तुति की। कक्षा 12वीं के छात्र /छात्राओं ने अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया और कक्षा के अविस्मरणीय फलों को याद किया।

विद्यालय के प्राचार्य प्रभारी कालीचरण जाटव ने कहा कि छात्र-छात्राएं अब उन्मुक्त गगन की ओर यात्रा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी सीमाएं और लक्ष्य को ध्यान में रखकर स्थिति को पुनर्विचारित करने का संदेश दिया प्रभारी जाटव ने कहा कि विद्यालय छात्र /छात्राओं की प्रगति के लिए हर संभव मदद करने को तैयार है। उन्होंने छात्र /छात्राओं को यहां से शिक्षा लेकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मछावली और अपने ग्राम का नाम रोशन करने का आग्रह किया इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अपनी व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे के साथ कभी ना भूलने के वादे के साथ और शिक्षा के प्रति अपने समर्पण के प्रति प्रतिबद्धता जतायी। कार्यक्रम में उपस्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मछावली प्राचार्य प्रभारी :- कालीचरण जाटव,कौशल किशोर तिवारी,सुनील कुमार राय,जितेंद्र पारस ,देवदास मौर्य ,दिलीप डबरिया ,गोविंद सिंह कुशवाहा,कृष्णकांत व्यास ,नीरज गुप्ता ,रामकुमार यादव ,बृजमोहन विश्वकर्मा एवं अतिथि शिक्षक/शिक्षका अनीता सोनी,रश्मि झा,आरती साहू,अभय मिहोरिया,रोहित साहू,गगन लोधी समस्त स्टाफ मौजूद

## गर्ल्स कॉलेज की नवनियुक्त प्राचार्य डॉ रश्मि जैन का कॉलेज स्टाफ ने किया स्वागत



**बीना।** गर्ल्स कॉलेज की नवनियुक्त प्राचार्य डॉ रश्मि जैन का कॉलेज स्टाफ के द्वारा स्वागत किया। साथ ही जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सोनाली राय ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रश्मि जैन ने कॉलेज में पदस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज का विकास करना हमारा पहला कर्तव्य है तथा प्राचार्य द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन द्वारा प्रदत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जन भागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय ने कहा कि कॉलेज को हमें ऊंचाइयों तक ले जाना है जिसके लिए हम प्राचार्य के साथ कार्य करने हेतु कृत संकल्पित हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ उमा लवानिया ने संवाद, समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने की अवधारणा पर महत्व देते हुए कॉलेज हित में कार्य करने का पूर्ण आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन मृणालिनी मिश्रा एवं डॉक्टर दिनेश राय ने किया। कॉलेज के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्राचार्य को शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि हम कॉलेज के हित में प्राचार्य द्वारा दिए गए प्रत्येक कार्य को करने के लिए कटिबध हैं। कार्यक्रम में प्रकाश चंद, डॉक्टर एमएन श्रीवास्तव, सत्यम कुर्मी, डॉक्टर विशाल मिश्रा, डॉक्टर हरिशंकर सेन, डॉ निशी भदौरिया, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, अरुण उपाध्याय, आरती ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, डॉक्टर कृतिका रत्नाकर, मनीता राजपूत, नम्रता गर्ग, अरुण उपाध्याय, यशवंत शर्मा, डॉक्टर अमन आर्य, प्रशांत कुशवाहा, अमरजीत सिंह, निलेश शर्मा, रामबाबू रैकवार, मनीष कुशवाहा, अश्विन सेन ,शोधार्थी शुभम राठौर, ज्योति, संजय, बालकिशन, आनंद, जितेंद्र, विनोद, आकाश, रंजना, पूजा, सुषमा सहित समस्त कॉलेज परिवार उपस्थित रहा।

# कृषक कल्याण संदेश देने बाइक रैली आयोजित



**बीना।** कृषक कल्याण संदेशों के संप्रेषण में किसानों की भव्य बाइक रैली निकाली गई। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने बताया राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के निर्णय के अंतर्गत किसानों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से करीब 8 किलोमीटर दूरी तक किसान कल्याण रैली निकाली गई।

रैली अंबेडकर तिराहा से प्रारंभ होकर गांधी तिराहा, स्टेशन रोड होते हुए गुलौआ एवं नौगांव ग्राम में संपन्न हुई। उन्होंने बताया रैली में करीब 175 किसानों ने हिस्सा लिया। रैली में उन्नतशील कृषक, युवा किसान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रतिभागियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया।इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषक कल्याण योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सकारात्मक सोच से जोड़ते हुए कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना रहा। पूर्व से ही विकासखंड स्तर पर कृषि रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है, उसी क्रम में यह रैली आयोजित की गई।

रैली को जनपद अध्यक्ष उषा राय, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र भदोरिया, पूर्व सरपंच संतोष ठाकुर, वरिष्ठ नेता एवं किसान रतन यादव, उन्नतशील कृषक सत्यजीत ठाकुर, राजा बाबू यादव, नटवर शास्त्री, तिलक सिंह ठाकुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली का समापन ग्राम नौगांव में किसानों की चौपाल के माध्यम से किया गया। जहां कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई एवं किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से दीपेश मोघे, अजहरुद्दीन, अभिषेक कौशिक, प्रताप बागरी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में 8 को हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**बीना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद द्वारा 8 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत जागेश्वरी मंदिर के पास हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन में शामिल होने के लिए नागरिकों को सहभागिता के लिए पारंपरिक रूप से पीले चावल देकर आमंत्रण दिया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित इस हिंदू सम्मेलन में शामिल होने के लिए सभी नगरवासियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन धार्मिक और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष सुनील सिरोठिया, उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह जस्सी, जिला मंत्री शिवम पाठक, मीडिया प्रभारी राकेश जैन एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन में भागीदारी के लिए नगरवासियों का उत्साहवर्धन एवं आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया। जिससे यह आयोजन अधिक सफल और यादगार बन सके।

जिलाध्यक्ष सिरोठिया ने बताया इस आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता की भावना को प्रबल करने का अवसर मिलेगा। सभी नागरिकों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें और इस आयोजन को सफल बनाए।

## शिव परिवार की मूर्तियां तोड़ीं, गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**बीना।** खिमलासा थाना अंतर्गत ग्राम भरछा में बीती रात एक व्यक्ति ने शराब के नशे में भगवान शिव परिवार की मूर्तियां खंडित कर दी है। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने बालावेहट उत्तरप्रदेश जाने वाले मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जो करीब आधे घंटे तक लग रहा। बाद में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज होने पर ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया। घटना की जानकारी लगते ही खिमलासा पुलिस मौके पर पहुंची। वही स्थिति बिगड़ती देख बीना एसडीओपी अजय सनकत, थाना प्रभारी अनूप यादव सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला।

जानकारी अनुसार ग्राम भरछा में गांव के शिवराज सिंह लोधी ने शराब के नशे में भगवान गणेश, पार्वती एवं नंदी की प्रतिमा को तोड़ दिया। वहीं शिवलिंग प्रतिमा के समक्ष धार्मिक पुस्तकों जलाया गया। घटना की सूचना लगते ही गुरुवार सुबह ग्रामीण बड़ी संख्या में मंदिर में एकत्रित होना शुरू हुए और बाद में ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर उत्तरप्रदेश जाने वाले मार्ग पर चक्काजाम लगा दिया।

ग्रामीणों ने उक्त व्यक्ति पर मामला दर्ज करने एवं मकान गिरने की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही खिमलासा पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में पुलिस के द्वारा शिवराज सिंह लोधी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने आर्य की प्रथम पुण्यतिथि मनाई



**करैरा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय प्रेम नारायण आर्य की प्रथम पुण्यतिथि आज पूरे मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले एवं ब्लॉक स्तर पर पुण्यतिथि मनाई जा रही है इसी क्रम में मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अभिनव सक्सेना, प्रदेश महासचिव हनुमत सिंह चौहान, संभागीय अध्यक्ष डॉ गजेंद्र बिजोरिया, जिला उपाध्यक्ष अच्छे लाल कोली, डॉ बालकृष्ण प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी हरीशरण चौरसिया, करैरा ब्लॉक अध्यक्ष सुखराम खत्री, डॉ श्रीनिवास खटीक, सतीश श्रीवास्तव, डॉ राजेंद्र गुप्ता,अर्जुन नायक,राजेश सिंहानिया आदि पूरी टीम आज करैरा स्थित डेनिडा रोड पर स्वर्गीय प्रेम नारायण आर्य के घर जाकर उनकी प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा सुमन द्वारा मनाई गई और प्रदेश अध्यक्ष अभिनव सक्सेना द्वारा घोषणा की आज का दिन 4 फरवरी को हमारी संस्था प्रेम प्रेरणा दिवस के रूप में मना रही है और हर वर्ष स्व. प्रेम नारायण आर्य की स्मृति में एक सम्मान दिया जाएगा इस वर्ष का सम्मान प्रदेश महासचिव हनुमत सिंह चौहान को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अधिवेशन में 8 फरवरी 2026 को दिया जाएगा ।

# अशोकनगर में 31.50 करोड़ से बदलेगी शहर की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






शहर के जल प्रबंधन और स्वच्छता की दिशा में नगर पालिका परिषद ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत काफी समय से लंबित 31 करोड़ 50 लाख रुपये की जल परियोजना को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट के बाद स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस परियोजना के अमल में आते ही शहर का युस्ड पानी अब प्रदूषण नहीं फैलाएगा, बल्कि फिल्टर होकर खेती और अन्य कार्यों के उपयोग में आएगा।

एसबीआर तकनीक से होगा जल उपचार

यह पूरी परियोजना आधुनिक एसबीआर तकनीक पर आधारित होगी। योजना का मानक निविदा प्रपत्र जारी कर दीं गयी हैं जिससे ठेकेदार का चिन्हांकन किया जाकर, जल्द ही धरातल पर काम शुरू होगा।

**परियोजना की मुख्य विशेषताएं** 1 दो नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शहर में दो स्थानों पर लगाए जाएंगे। पहला हिरिया के टपरा पर 8 एमएलडी क्षमता और दूसरा कुड़ी घाट पर 4 एमएलडी क्षमता का बनेगा।

2 इसी प्रकार 5 किमी लंबा नाला पूरे शहर के उपयोग किये गये पानी को एकत्रित कर प्लांट तक पहुँचाने के लिए लगभग 5 किलोमीटर लंबे विशेष नाले का निर्माण किया जाएगा।

3 ऊर्जा बचत पर जोर प्लांट के संचालन के लिए 63 केवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर के साथ-साथ सोलर पैनल भी लगाए जाएंगे, जिससे बिजली की खपत कम होगी।

4 सम्बेल और पानी की टंकियां पानी के संग्रहण के लिए हिरिया के टपरा और कुड़ी घाट पर बड़ी टंकियां और सम्बेल बनाए जाएंगे।


5 इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उपचारित (फिल्टर) पानी का उपयोग किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए कर सकेंगे।

6 इसके अलावा इस पानी का उपयोग फायर ब्रिगेड, पार्कों मे पानी देने के लिए, वृक्षारोपण, और अन्य गैर-पेय कार्यों में होगा। साथ ही यह भी कहा की गर्मियों के समय जब पानी की कमी होती थी, तब तालाबों पर दबाव बढ़ जाता था।

7 अब वेस्ट पानी को रिसाइकिल कर उपयोग में लाया जाएगा, जिससे जल संकट दूर होगा। यह पानी केवल पीने के उपयोग में नहीं आएगा, बाकी सभी कार्यों के लिए वरदान साबित होगा।

क्षेत्र से बड़ी संख्या में ले रहे हैं श्रद्धालु भाग

## कचनार के पंच कल्याणक महोत्सव में भगवान का जन्मोत्सव भव्य शोभायात्रा निकालकर मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



गजरथ पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन भगवान आदिनाथ के जन्म का उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस आयोजन में अनेक श्रद्धालु सहभागी बने। कचनार ग्राम में उत्सव की छटा देखने को मिली।

कचनार में हाथियों पर शोभायात्रा निकाली गई। गांव में जगह जगह रंगोलियां सजाई गई और समाज ने घरों को भी सजाया। जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे गांव में लड्डू बांटे गए। कचनार के राजपुर रोड पर चल रहे गजरथ पंचकल्याणक महोत्सव का है। जहां एक दिन पहले गर्भकल्याणक मनाया गया था। वहीं बुधवार को बालक आदि कुमार का जन्म महोत्सव मनाया गया। सौधर्म इंद्र व इंद्राणी ने बालक आदि कुमार को पांडुक शिला पर ले जाकर 1008 कलशों से अभिषेक किया, साथ ही हाथी पर विराजमान कर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। एक हाथी पर सौधर्म इंद्र व इंद्राणी बालक आदि कुमार को लेकर चल रहे थे वहीं दूसरे हाथी पर कुबेर रत्नों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। आगे आगे युवा नृत्य करते हुए चल रही थी वहीं महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं, युवा हाथों में धर्म ध्वजा लहराते हुए चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।शोभा यात्रा का शुभारंभ राजपुर रोड पंचकल्याणक महोत्सव स्थल से हुआ जो मेन रोड से निकलकर जैन मंदिर होते पहुंची

### आदिकुमार का बताया जन्म चित्रण

कार्यक्रम में इस दौरान आदिकुमार के जन्म का चित्रण बताया गया। जहां राजा नाभिराय का दरबार सजा, इंद्र इंद्राणी राजा नाभिराय से मिलने पहुंचे।इंद्राणी बालक आदि कुमार को उठाकर लाई । शोभा यात्रा में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और लड्डू बाटकर समाज जनों का स्वागत किया।

### मानव जीवन का महत्व

मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज ने धर्म सभा में बताया कि जन्म तो पशु भी लेता है और जन्म मानव भी लेता है। मानव दानव भी बन सकता है और महामानव भी बन सकता है। महामानव वह होते हैं, जिनकी जन्म कथा लिखी जाती है।

## मांगों के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

# पटवारी संघ ने गिनाई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिला पटवारी संघ ने अपनी मांगों के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा और समस्याएं गिनाईं। इस मौके पर पटवारियों ने कहा कि उनकी समस्याएं लंबे समय से लंबित है, इनका निराकरण नही होने से पटवारियों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह ज्ञापन जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुंवशी के नेतृत्व में पटवारियों ने सौंपा।

### समस्याओं के बिन्दु

1 जियोटैग गिरदावरी शासन द्वारा लगभग 3 वर्षो से सर्वेयर द्वारा गिरदावरी करवायी जा रही है, परन्तु सर्वेयर को मानदेय भुगतान न होने के कारण वह कार्य नहीं कर रहे हैं जिस कारण से गिरदावरी अंततः पटवारी को करनी पड़ रही है।

2 जहां एक सर्वेयर द्वारा अधिकतम 1000 खसरे की गिरदावरी का प्रावधान है परन्तु उनके द्वारा कार्य न किये जाने के कारण पटवारी को अपने सारे हल्कों के सारे गांवों में स्वयं गिरदावरी करनी पड़ रही है जहां खसरों की संख्या लगभग 5 से 10 हजार हैं।

3 फार्मर आईडी पटवारी के साथ-साथ सीएससी सेंटर, एमपी ऑनलाईन से बनवाई जा रही है जिनका उन्हें भुगतान भी किया जा रहा हैं, पर शासन द्वारा पटवारी को इस संबंध में दबाव दिया जा रहा है जो अनुचित है, साथ ही इसमें अनेक विसंगतियां है। जैसे कई खातेदार व सहखातेदारों का अन्यत्र निवास करना, पोर्टल पर उपलब्ध डाटा त्रुटिपूर्ण होना, आई बन जाने के बाद भी पेंडिंग सुची में खसरे पेंडिंग दिखाई देना, कई खसरें आई डी बनाने हेतु पोर्टल पर उपलब्ध न होना, किसान के आधार से उसका मोबाइल नंबर लिंक ना होना।

4 नवनियुक्त पटवारी साथियों को नियुक्ति पत्र वितरण के समय तात्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा यह घोषणा की गई थी कि नवनियुक्त पटवारियों को नियुक्ति दिनांक से ही 100 प्रतिशत सैलरी दी जायेगी परन्तु शासन द्वारा यह आदेश आज दिनांक तक लम्बित है परन्तु वर्तमान में हाईकोर्ट जबलपुर से म.प्र. के शासकीय कर्मचारियों के हित में ये आदेश पारित किया गया है कि जो पटवारी साथी 70, 80,90 प्रतिशत सैलरी के दायरे में आ रहे है, उन्हें 100 प्रतिशत सैलरी दी जाए और शेष राशि का एरियर जल्द दिया जाये।

5. वेतन वितरण विसंगति से संबंधित समस्याएं- भत्ते आदि के हेड में पर्याप्त राशि न होने के कारण कई जिलों में भत्ते काटकर सैलरी दी जा रही है अतः भत्ते के मद में पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाये ताकि इस प्रकार की विसंगति न हो।

6. महिला साथियों को मैटरनिटी लीव को सौ परसेंट किया जाये।

7. पीएम सीएम किसान याजनाओं में पटवारी स्तर से वर्तमान में कोई भी कार्य नहीं किया जाता है और न ही उक्त का स्टेटस पटवारी देख सकता है ऐसी स्थिति में सीएम हेल्पलाईन से एवं मासिक व अन्य समीक्षाओं से पृथक किया जाये ताकि पटवारियों पर होने वाला मानसिक दबाब कम हो सके।

8. शेष मानदेयों का भुगतान आज डिजिटल युग में जब सभी पटवरियों का समस्त वेतन संबंधित रिकॉर्ड ऑनलाईन उपलब्ध है तो स्वामित्व योजना, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आइडी के कैम्पों का लम्बित मानदेय जल्द दिया जाए और ऑनलाईन समस्त कार्यों के लिये मोबाइल फोन की राशि भी जल्द दी जाए।